आर.सी.एम.एस. नम्बर 2024/149

(आदेश 20 के नियम 6 व 7 जाब्दा दीवानी)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मुकाम बईजलास मलसीसर जिला झुंझुनूं (राज0)

पीठासीन अधिकारीः– पंकज शर्मा
(आर.ए.एस.)

दावा बाबत घोषणार्थ एवं रिकार्ड दुरूस्ती

अंन्तिम डिकी मुकदमा इब्तदाई

मुकदमा नम्बर :– 88/2024 (सविता वर्मा वगैरह बनाम उषा वगैरह)

निर्णय दिनांक :– 20.11.2024

यह मुकदमा आज वास्ते इफिसला कतई रूबरू, पंकज शर्मा (आर.ए.एस.), उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर बहाजिरी वकील वादीगण मिनजानिब मुददई रूबरू वकील प्रतिवादीगण मनजानिब मुद्दालय पेश होकर हुक्म दिया जाता है व अन्तिम डिकी दी जाती है कि –

मुकदमा में न्यायालय हाजा द्वारा दिनांक 20.11.2024 द्वारा पारित निर्णयानुसार ग्राम निराधनू स्थित भूमि हाल ख0न01445/160, 1446/160, 1447/160, 156 कुल किता 4 कुल रकबा 1.81 है0 भूमि के राजस्व रिकार्ड में सुभिता पुत्री द्वारकाप्रसाद के स्थान पर सविता वर्मा पुत्री द्वारकाप्रसाद तथा अनिता पुत्री द्वारकाप्रसाद के स्थान पर मनिषा देवी पुत्री द्वारकाप्रसाद दर्ज करने का आदेश जाता है तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

बसक्ष्त मेरे दस्तखत व मुहर आदलत से आज तारीख 20.11.2024 को जारी की गई।

(पंकज शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी,
मलसीसर